13 august 2023 new format (1):Layout 1 9/8/2023 2:45 AM Page 3



# भारतीय समाज दल द्वारा शहादत दिवस समारोह का आयोजन हुआ संपन्न




**समाज जागरण**

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना

लखनऊ। भारतीय समाज दल के तत्वाधान में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 व क्रिमिनल ट्राइव एक्ट 1871 व 1924 के तहत शहीद होने वाले शहीदों की याद में शहादत दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि भारतीय समाज दल व पशुधन विकास बोर्ड के सदस्य नारायण राजभर ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा स्वतंत्र भारत का स्वरूप दिखाई दे रहा है। उसकी बुनियाद 1857 की क्रान्ति से जुड़ी हुई है। क्योकि ईस्ट इण्डिया कम्पनी बनाकर व्यापार करने आये अंग्रेजो ने इस देश की सामाजिक मतभेद का लाभ उठाकर इस देश पर अधिकार कर लिया और व्यापारी ईस्ट इण्डिया कम्पनी भारत की अकूत सम्पदा को विभिन्न तरीके से लूटने लगी। यहाँ के लोग दाने-दाने के लिए मोहताज होने लगे उस समय भारत में दो तर-ीके के लोग थे। एक वो थे जो देश को लूटने वाले अंग्रेजों का साथ दे रहे थे और एक वर्ग वो था जो देश को अंग्रेजो से मुक्त कराने के लिए लड़ने वाले लोग थे। देश के लिए लड़ने वाले लोगों ने अंग्रेजो को देश से भगाने के लिए 1857 में एक बहुत बड़ी लड़ाई लड़ी जिससे हम इतिहास में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम का युद्ध कहते हैं। इस युद्ध से अंग्रेज इतना भयभीत हुए कि यहीं के कुछ लोगों के सहयोग से इस देश के उन लड़ाकू कौमों को मिटाने के लिए दमनकारी नीति अपनाई । इसके तहत क्रिमिनल ट्राइव एक्ट 1871 -1924 तक 13 एक्ट बनाये। इन कौमों के लिए जेल, काला पानी की सजा दिया। इनकी जमीनें छीनी, इनको समाप्त करने हर संभव प्रयास किया बैठक को राष्ट्रीय महासचिव सुशील पांडेय व राष्ट्रीय सचिव शिशधर सिंह प्रदेश अध्यक्ष अमर सिंह,प्रदेश संगठन मंत्री प्रमोद यादव प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा प्रीति वर्मा, प्रदेश महामंत्री कुसुम द्विवेदी,राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा अबूशाद कुरैशी राष्ट्रीय महामंत्री, मनोज ठाकुर प्रदेश सलाहकार आर डी कश्यप प्रदेश उपाध्यक्ष मोल्हू राम राजभर ,प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मोर्चा आशीष मिश्रा, प्रदेश मीडिया प्रभारी आंशू रस्तोगी, जिला अध्यक्ष कन्नौज राम गोविंद कोरी आदि लोगों ने सम्बोधित किया।

# अभ्यर्थियों को भा रही योगी सरकार की सिविल सेवा निशुल्क कोचिंग, 1476 आवेदन आये

**–योगी सरकार ने संस्कृत भाषा को बढ़ावा देने के लिए शुरू की थी योजना**

**–पांचवें सत्र में पिछले वर्ष की तुलना में डेढ़ गुना से अधिक आये आवेदन**

**–चौथे सत्र में आये थे 960 आवेदन, 26 और 27 सितंबर को होगी प्रवेश परीक्षा**

**समाज जागरण**

लखनऊ, 7 सितंबर। उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान के पांचवें सत्र में पिछले वर्ष की तुलना में डेढ़ गुना से अधिक आवेदन आए हैं। इस वर्ष सिविल सेवा निशुल्क कोचिंग में प्रवेश के लिए 1476 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है जबकि पिछले वर्ष 960 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। संस्थान ने प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों से 1 अगस्त से ऑनलाइन आवेदन पत्र मांगे थे, जो 31 अगस्त तक चली। वहीं पांचवें सत्र की प्रवेश परीक्षा 26 और 27 सितंबर को आयोजित की जाएगी। इसके बाद साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा। वहीं, अक्टूबर में पांचवें सत्र की शुरूआत कर दी जाएगी। जानकारी के अनुसार जिन विद्यार्थियों ने यूपीएससी या राज्यों की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा-23 उत्तीर्ण की है उन्हें सीधा प्रवेश दिया जाएगा। मालूम हो कि योगी सरकार की संस्कृत को बढ़ावा देने की पहल का ही नतीजा है कि लोगों का संस्कृत की ओर रुझान बढ़ने लगा है। लोग संस्कृत पढ़ने और सीखने के साथ-साथ इसमें रोजगार के प्रति भी रुचि लेने लगे हैं। खासतौर पर सिविल सेवा के लिए संस्कृत की मांग बढ़ने लगी है। योगी सरकार द्वारा संचालित सिविल सेवा निशुल्क कोचिंग एवं मार्गदर्शन योजना का लाभ उठाकर पिछले चार वर्षों में राज्य सिविल सेवा परीक्षा में 13 अभ्यर्थी उच्च स्थान प्राप्त करते हुए डिप्टी कलेक्टर से लेकर डिप्टी एसपी पद पर चयनित हुए हैं। इसके अलावा सब-ऑर्डिनेट सर्विसेज में कुल 19 अभ्यर्थी चयनित हुए हैं। वहीं, लाखों की संख्या में युवा ऑनलाइन के जरिए संस्कृत भाषा सीख रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी की इस पहल का प्रदेश के युवा ही नहीं बल्कि देश के अन्य राज्य के युवा भी लाभ उठा रहे हैं।

### पांचवें सत्र के लिए मांगे गये थे ऑनलाइन आवेदन

उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान के निदेशक विनय श्रीवास्तव ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप संस्कृत भाषा को बढ़ावा देने, संस्कृत साहित्य को रोजगारपरक बनाने एवं प्रशासन में सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पिछले चार वर्षों से विभाग की ओर से फ्लैगशिप कार्यक्रम सिविल सेवा निशुल्क एवं प्रशिक्षण मार्गदर्शन का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत पांचवें सत्र के लिए आवेदन पत्र मांगे गये थे। पूरा सत्र 10 माह का होता है, जिसमें प्रशिक्षण तीन चरणों में पूरा किया जाता है। विशेषज्ञों की ओर से इसमें व्याकरण, भाषाशास्त्र, दर्शन, महाकाव्य, संस्कृत नाट्यशास्त्र, संस्कृत गद्य एवं पद्य आदि की पढ़ाई कराई जाती है। यूजीसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक या फिर समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके 21 से 35 वर्ष आयु के सभी वर्ग के अभ्यर्थी इस योजना के पात्र हो सकते हैं।

### सिविल सेवा में संस्कृत चुनने वालों को सीधे मिलेगा प्रवेश

प्रवेश परीक्षा में अभ्यर्थियों से सामान्य अध्ययन एवं सामान्य संस्कृत ज्ञान विषय पर आधारित वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएंगे, जो 100 प्रश्न संस्कृत और हिंदी के होते हैं एवं 85 प्रश्न सामान्य अध्ययन और 15 प्रश्न संस्कृत के सामान्य ज्ञान, व्याकरण एवं साहित्य से संबंधित होंगे। इसके अलावा, ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने वर्ष 2022-23 में संघ लोक सेवा आयोग एवं राज्य लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा की प्रारंभिक परीक्षा में ऐच्छिक विषय के रूप में संस्कृत विषय को चुना हो, उन्हे सीधे प्रवेश दिया जाएगा। इनकी अधिकतम संख्या 13 ही रहेगी। इतना ही नहीं, सिविल सेवा निशुल्क कोचिंग के अभ्यर्थियों को तीन हजार छात्रवृत्ति भी दी जाती है। इसके लिए अभ्यर्थियों की क्लास में 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। साथ ही, छात्रवृत्ति के लिए उनकी मासिक प्रगति रिपोर्ट का भी आंकलन किया जाता है। अभ्यर्थी को 3000 रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। साथ ही, संस्कृत साहित्य और सामान्य अध्ययन की निशुल्क पाठ सामग्री प्रदान की जाएगी। अब तक कुल 200 विद्यार्थियों को सिविल सेवा की कोचिंग दी जा

# यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में 17 विभागों के लगेंगे स्टॉल

> विभिन्न विभागों के उत्पादों एवं उनकी योजनाओं व नीतियों का प्रचार प्रसार करेगी योगी सरकार
>
> ग्रेटर नोएडा में इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट के सेकेंड फ्लोर के हॉल नंबर 2 पर लगेंगे सभी स्टॉल
>
> ओडीओपी के स्टॉल को मिली प्राथमिकता, एंट्रेंस पर ही सबसे बड़े एरिया में होगा स्टॉल
>
> 21 सितंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी उत्तर प्रदेश के पहले इंटरनेशनल ट्रेड शो का उद्घाटन

**समाज जागरण**

लखनऊ, 7 सितंबर। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के बाद अब ग्रेटर नोएडा में पहला इंटरनेशनल ट्रेड शो आयोजित करने जा रही योगी सरकार इसके माध्यम से विभिन्न विभागों के उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने का प्रयास करेगी। इसके तहत कुल 17 विभागों को आगामी 21 से 25 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट के विशाल परिसर में होने जा रहे इंटरनेशनल ट्रेड शो में स्टॉल लगाने की मंजूरी दे दी गई है। ये सभी स्टॉल सेकेंड फ्लोर के हॉल नंबर 2 में लगाए जाएंगे, जहां आने वाले नेशनल और इंटरनेशनल बायर्स के लिए तमाम तरह की पब्लिक एमिनिटीज का भी ख्याल रखा जाएगा। उल्लेखनीय है कि इस इंटरनेशनल ट्रेड शो के लिए दुनिया भर के 400 से ज्यादा बायर्स ने हिस्सा लेने की पुष्टि कर दी है। ये बायर्स न सिर्फ इंटरनेशनल ट्रेड शो में हिस्सा लेंगे, बल्कि उत्तर प्रदेश के उत्पादों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए संभावनाओं पर भी काम करेंगे। 21 सितंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु इस इंटरनेशनल ट्रेड शो का शुभारंभ करेंगी।

### ओडीओपी का स्टॉल होगा सबसे बड़ा

इंटरनेशनल ट्रेड शो कुल 2088 स्क्वायर मीटर एरिया में आयोजित किया जा रहा है। इसके ले-आउट प्लान के अनुसार कुल 17 विभागों के स्टॉल को यहां इंस्टाल किया जाएगा। इसमें सबसे बड़ा स्टॉल (300 स्क्वायर मीटर) ओडीओपी और सूचना जनसम्पर्क का होगा। हॉल में दो एंट्रेंस होंगे, जिसमें एंट्री के बाद फ्रंट पर यही दोनों स्टॉल आमने-सामने नजर आएंगे। ओडीओपी के स्टॉल पर प्रदेश में तमाम जिलों के खास और यूनीक उत्पादों की श्रंखला रहेगी, जो बायर्स को अपनी ओर आकर्षित करेगी। सूचना जनसम्पर्क के साथ ही 200 स्क्वायर मीटर में पर्यटन व संस्कृति विभाग का स्टॉल होगा, जहां उत्तर प्रदेश के पर्यटन से संबंधी योजनाओं व नीतियों के विषय में लोग जान सकेंगे। इसी क्रम में आगे नमामि गंगे एवं जलापूर्ति विभाग और ऊर्जा विभाग व नेडा का स्टॉल होगा जिसे 100 स्क्वायर मीटर का स्थान मिला है। इसके आगे आवास एवं शहरी नियोजन (95 स्क्वायर मीटर) और उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण, पशु धन एवं दुग्ध विकास व मत्स्य विभाग (सभी 50 स्क्वायर मीटर) का स्टॉल होगा। इस रो में सबसे अंत में कृषि विभाग (60 स्क्वायर मीटर) और गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग (50 स्क्वायर मीटर) के स्टॉल होंगे।

### पद्मश्री पुरस्कार विजेताओं के लिए होगी खास व्यवस्था

दूसरी तरफ ओडीओपी के साथ ही 100 स्क्वायर मीटर में पद्मश्री पुरस्कार विजेताओं के लिए स्थान दिया गया है। इसके ठीक बगल में नगर विकास विभाग को भी इतने ही बड़े क्षेत्र में स्टॉल लगाने की मंजूरी मिली है। इसके आगे चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग (100 स्क्वायर मीटर) और चिकित्सा शिक्षा विभाग (97 स्क्वायर मीटर) के स्टॉल होंगे। इसके बाद आयुष विभाग (100 स्क्वायर मीटर) और खादी एवं ग्रामोद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग (96 स्क्वायर मीटर) के स्टॉल रहेंगे। इसके बाद अंत में औद्योगिक विकास विभाग (100 स्क्वायर मीटर) और ग्राम विकास विभाग (90 स्क्वायर मीटर) के स्टॉल नजर आएंगे। उत्पादों को हॉल तक लाने के लिए यहां 4 फ्रेट लिफ्ट के साथ ही स्टोर रूम, सर्विस रूम भी उपलब्ध होंगे।

# ड्राइविंग ही नहीं युवाओं को ऑटोमोटिव टेक्नीशियन की भी ट्रेनिंग दे रहा परिवहन निगम

> युवाओं को कौशल विकास के विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षित कर रोजगार के साधन उपलब्ध करा रही योगी सरकार
>
> मॉडल ड्राइविंग ट्रेनिंग एण्ड रिसर्च इन्स्टीट्यूट में आटोमोटिव सेक्टर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे यूपी के युवा
>
> संस्थान द्वारा पहली बार संचालित किया जा रहा है इस तरह का आवासीय कोर्स
>
> उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को परिवहन निगम की कार्यशालाओं में सुनिश्चित रोजगार योजना के तहत पीस मिल वर्क पर रखा जाएगा

**समाज जागरण**

लखनऊ, 7 सितंबर। युवाओं को कौशल के माध्यम से रोजगार के योग्य बनाने की अपनी मुहिम के तहत योगी सरकार विभिन्न क्षेत्रों में अलग अलग प्रशिक्षण कार्यक्रम चला रही है। इसी क्रम में भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित सुनिश्चित रोजगार योजना के अर्न्तगत उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी), उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन (यूपीएसडीएम) के माध्यम से प्रशिक्षण संस्थान कानपुर में ऑटोमोटिव सेक्टर में फोर व्हीलर सर्विस टेक्नीशियन कोर्स संचालित कर रहा है। इसमें 24 युवा आवासीय प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

### 24 छात्रों के साथ शुरू हुआ प्रशिक्षण

इस कोर्स के तहत अभ्यर्थियों के आवासीय प्रशिक्षण के लिए परिवहन निगम के विभिन्न क्षेत्रों से उपलब्ध कराई गई सूची के अनुसार 27 अभ्यर्थियों को रजिस्टर्ड कर लिया गया है, जिसमें से 24 अभ्यर्थियों का प्रशिक्षण 01 सितंबर से प्रारम्भ हो चुका है। एक अभ्यर्थी एक्सीडेंट और 2 अन्य पारिवारिक कारणों से कोर्स में सम्मिलित नहीं हो सके। संस्थान द्वारा इस तरह का आवासीय कोर्स पहली बार संचालित किया जा रहा है।

### निशुल्क मिलेगा स्टडी मैटेरियल

सभी अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण संस्थान के हास्टल में रहने की व्यवस्था की गई है। इन अभ्यर्थियों को एएसडीसी दिल्ली से प्रशिक्षित एवं टीओटी पास प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। अभ्यर्थियों का बायोमैट्रिक अटेण्डेंस हास्टल में प्रातः 08:00 बजे एवं रात्रि में 8:00 बजे तथा क्लास ट्रेनिंग के समय प्रातः 09:30 बजे एवं सायं 04:00 बजे होगा। सभी अभ्यर्थियों को प्रैक्टिकल एवं थ्यौरी क्लास का प्रशिक्षण दिया जाएगा तथा इन्हें दो सेट यूनीफार्म एवं स्टडी मैटेरियल भी दिया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद कौशल विकास मिशन द्वारा निर्धारित सेक्टर स्किल काउंसिल से एसेसमेन्ट (परीक्षा) कराया जाएगा। उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को परिवहन निगम की कार्यशालाओं में सुनिश्चित रोजगार योजना के तहत पीस मिल वर्क पर रखा जाएगा।

### इन जिलों के प्रशिक्षुओं को मिल रहा प्रशिक्षण

| क्षेत्र | अभ्यर्थियों की संख्या |
|---|---|
| आगरा | 13 |
| बरेली | 03 |
| हरदोई | 06 |
| कानपुर | 02 |
| इटावा | 03 |
| कुल | 27 |

# 3 महीने में निराश्रित गोवंश का संरक्षण करने के निर्देश

**प्रदेश में अब भी लगभग 2.5 से 3 लाख निराश्रित गोवंश योगी सरकार ने दिए सभी के संरक्षण का निर्देश**

लखनऊ, 7 सितंबर। योगी सरकार ने प्रदेश में अगले 3 माह के अंदर निराश्रित गोवंश के संरक्षण के आदेश दिए हैं। बीते दिनों आगरा, सुल्तानपुर एवं पीलीभीत जैसे जनपदों में हुई घटनाओं का संज्ञान लेते हुए सरकार ने कड़े शब्दों में कहा है कि ऐसी घटनाओं की आगे पुनरावृति न हो। उल्लेखनीय है कि सरकारी आंकड़ों में अभी भी लगभग 2.5 से 3 लाख निराश्रित गोवंश होने की जानकारी है। इसी कड़ी में योगी सरकार ने सभी के संरक्षण के निर्देश जारी किए हैं।

### घटनाओं की न हो पुनरावृत्ति

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने बैठक में कहा कि अगले 3 महीने में निराश्रित गोवंश का संरक्षण किया जाए। साथ ही घटनाओं की पुनरावृति न हो। पंचायतों द्वारा नगरीय क्षेत्रों में संरक्षित गोवंशों में पौष्टिक आहार की व्यवस्था की जाए। बुंदेलखंड क्षेत्र में 15 सितम्बर तक खुले पशुओं को संरक्षित कर लिया जाए। जनपद हरदोई, सीतापुर, रायबरेली, प्रतापगढ़, फतेहपुर, बदायूं आदि की सड़कों एवं नदियों के किनारों पर बहुत अधिक संख्या में गोवंश का विचरण होता है। शहरों में भी मंडियों के समीप एवं कालोनियों में गोवंश विचरण करते हैं। नगर आयुक्त और अधिशाषी अधिकारी का उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाए। नए अस्थायी गो- आश्रय स्थलों की स्थापना की सूचना तत्काल प्रेषित की जाए। जिलाधिकारी से लेकर एसडीएम तक सतत अनुश्रवण एवं पोर्टल का प्रयोग सुनिश्चित हो।

### ग्रामीण क्षेत्रों में कैटल कैचर आपरेशन चलाएं

मुख्य सचिव ने कहा कि नदियों के किनारे हजारों की संख्या में गोवंश विचरण करते हैं। ट्रैक्टर माउंटेड कैटल कैचर की व्यवस्था एवं ट्रैक्टर का क्रय सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी विशेष दस्ते बनाकर आपरेशन चलाएं। हाइवे पर अन्तर्विभागीय कार्मिकों की विशेष टीमें बनाई जाएं। दस्तों के लिए टीम लीडर, कार्मिक, उपकरण एवं वित्तीय व्यवस्था हो, जबकि आकड़े न छुपाएं और कार्यवाही करें।

# अयोध्या में झील के सामने बनेंगे इको रिजॉर्ट्स



**समाज जागरण राजेश तिवारी**

अयोध्या/ जल्द ही रामनगरी में आने वाले श्रद्धालु झील के सामने इको रिजॉर्ट्स में रहने खाने का लुत्फ उठा सकेंगे। जिला मुख्यालय से लगभग बीस किलोमीटर दूर सोहावल तहसील के 67 हेक्टेयर में फैले समदा झील के सामने एक बड़ी बाग में यह रिजॉर्ट्स विकसित किया जाएगा।

अयोध्या विकास प्राधिकरण इस इको रिजॉर्ट्स को विकसित करेगी। प्रयागराज की एक कंपनी को इसका टेंडर दिया गया है। जल्द ही इस पर काम शुरू हो जाएगा। प्राधिकरण ने इसका वर्क आर्डरकंपनी को दे दिया है। 45 हजार वर्ग मीटर क्षेत्रफल में बन रहे इस रिजॉर्ट में 100 कॉटेज बनाए जाएंगे। इस रिर्जाट में खाने पीने रहने के साथ ही सेहत के लिए प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र भी विकसित करने की योजना है।

इस रिजॉर्ट की सबसे खास बात ये है कि इसमें सबकुछ इको फ्रेंडली होगा। पुराने समय के गांव की तरह मिट्टी, फूस, व फसलों के अपशिष्ठ के साथ इसे बनाया जाएगा। मूल ढांचा लकड़ियों से बनाया जाएगा। आम पर्यटकों को ग्रामीण इलाकों के बाग में बनाए जाने वाला माहौल देने की तैयारी है। एडीए के उपाध्यक्ष विशाल सिंह ने बताया कि केवल रेस्टोरेंट की रसोई में ही कुछ स्थान पर कंक्रीट या अन्य सामग्री का इस्तेमाल किया जाएगा।

काटेज के सामने बने ऊंचे ऊंचे वाच टावर पर पर्यटक बड़ी दूरबीनों के सहारे समदा झील में आने वाले विदेशी पंक्षियों का नजारा भी ले सकेंगे। बताया जाता है कि विशेष मौसम में तो यहां कई दुर्लभ प्रजातियों के पक्षी नजर आते हैं। इस समूचे इलाके में पक्षियों के रिहायश में कोई दिक्कत न हो इसके लिए काटेज के आसपास बेहद कम रौशनी रखने का भी इंतजाम किया गया है।

एडीए उपाध्यक्ष विशाल सिंह ने बताया कि समदा पक्षी विहार के सामने बाग में इसे विकसित किया जाएगा। हमारी कोशिश रहेगी कि इसमें प्रकृति से कोई छेड़छाड़ न हो। इको फ्रेंडली सामग्री से ही इसका निर्माण होगा। ताकि प्रवासी पक्षियों के आगमन में कोई व्यवधान न हो और टूरिस्ट उन दुर्लभ प्रजाति के मेहमानों को निहार सकें।

# गोवंश के लिए घरों में पहली रोटी बनाएंगे शहरवासी, चलेगा अभियान

**मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप गौ-ग्रास सेवा योजना के तहत अभियान शुरू**

**पहली रोटी गाय, आटे का चोकर गाय को चलेगी मुहिम**

**गाय को गोद लेकर करना होगा 600-7200 रुपये दान**

7 सितंबर, बरेली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा निदेर्शों के अनुरूप गोवंशों के भरण पोषण के लिए अभिनव कदम उठाया गया है। शहर के हर नागरिकों को उनके भरण पोषण करने की जिम्मेदारी होगी। गौ-ग्रास सेवा योजना के तहत शासन ने नई गाइड लाइन तय कर अभियान चलाया जाएगा। हर घर में बनने वाली पहली रोटी, पहला आटे का चोकर गाय के नाम से निकाला जाएगा। गोवंश को गोद लिया जाएगा। इसके लिए गो प्रेमियों को मासिक और सालाना शुल्क देना होगा। इस पैसे से गुड़, सेंधा, नमक, चोकर, हरा चारा खरीदा जाएगा।

शहरी इलाकों से लेकर देहात क्षेत्र में अब गोवंशों के भरण पोषण, स्वास्थ्य परीक्षण, उपचार और गौशाला की आय सृजन के लिए गोमय उत्पादों, बायो गैस कम्पोस्ट खाद, गोमूत्र आदि उत्पादन, बिक्री करने की कार्ययोजना बनी है। नगर निगम अधिकारी इस कार्ययोजना के तहत अभियान चलाने और लोगों को जागरूक करने की तयारी शुरू हो गई है। पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डा. आदित्य तिवारी ने बताया कि नगरीय क्षेत्रों में सड़कों, सार्वजनिक स्थलों निराश्रित, बेसहारा गोवंश के विचरण से निकाय की अवस्थापना सुविधाओं को होने वाले नुकसान और जनसामान्य को होने वाली असुविधा, गोवंशों के प्रति क्रूरता को रोकने के लिए कान्हा गौशाला का संचालन किया जा रहा है। इन गौशालाओं का संचालन नगर निगम खुद संसाधनों से करता है कुछ शासन से अनुदान धनराशि से जरिए किया जाता है। इसलिए अब शासन ने गोवंश के भरण पोषण में शहर के हर नागरिक के योगदान को शामिल किया है।

### जनता लेगी गोवंश को गोद, चलेगा जागरूक अभियान

गौशालाओं के संचालन का बोझ नगर निकायों पर न पड़े और गोवंश का भरण पोषण में किसी तरह की कोई दिक्कत न आए इसके लिए शहर से लेकर देहात तक गोवंश को गोद लिए जाने के लिए नगर निगम अभियान चलाएगा। इस मुहिम में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ा जाएगा। नगर निगम क्षेत्र में अभियान शुरू किया जा रहा है। शासनादेश पर पहली रोटी गाय को और आटे का चोकर गाय को अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए नगर निगम के 80 वार्डों में अभियान की रूपरेखा तय होगी। पार्षदों से लेकर अन्य जनप्रतिनिधियों को इसकी जिम्मेदारी सौपी जाएगी। अभियान के तहत शहरवासियों से रोटी, चोकर को इक्ठ्ठा किया जाएगा।

### गोवंश को गोद लेंगे शहरवासी

गौ ग्रास सेवा योजना के तहत गो प्रेमियों को गोवंश को गोद देने का अभियान चलेगा। जो भी गोद लेगा उन्हें मासिक या वार्षिक शुल्क देना होगा। 600 रुपए मासिक और 7200 प्रतिवर्ष का शुल्क निर्धारित किया है। जो भी पैसा इक्ठ्ठा होगा इससे गोवंश के लिए गुड़, सेंधा नमक, चोकर, हरा चारा आदि के इंतजाम किए जाएंगे। नगर निगम नदौसी में गौशाला का संचालन कर रहा है। जिसमें 1130 गोवंश हैं। इन गोवंशों को रोजाना 318 कुंतल चारा, 687 कुंतल भूसा और 10 दिन में 2300 कुंतल चोकर खिलाया जाता है। इस पर नगर निगम रोजाना 48 हजार रुपये खर्च करता है। नगर आयुक्त निधि गुप्ता ने बताया कि गोवंश के भरण पोषण के लिए गौशालाओं में इंतजाम किए गए हैं। जनता को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जाएगा। गोवंश को गोद लेने के लिए हर नागरिक को जागरूक किया जाएगा।

# औषधीय खुंब ( मशरूम ) प्रशिक्षण के लिए कृषकों का दल बिहार रवाना




**समाज जागरण राजेश तिवारी**

अयोध्या। प्रगतिशील कृषकों का एक दल पांच दिवसीय प्रशिक्षण के लिए बिहार रवाना हुआ। जिसको नाबार्ड़ के जिला विकास प्रबंधक कमलेश यादव ने गुरु नानक गर्ल्स इंटर कालेज के पास से कृषक दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड़) के सहयोग से ओंकार सेवा संस्थान द्वारा जनपद के प्रगतिशील कृषक खुंब उत्पादन, उद्यान की उच्च तकनीकी, डेयरी प्रोद्योगिकी के पाँच दिवसीय प्रशिक्षण के लिए बिहार स्थित डॉ राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा, समस्तीपुर के लिए रवाना हुआ।

कार्यक्रम के सम्बंध में चर्चा करते हुए कमलेश यादव ने कहा कि डॉ राजेन्द्र प्रसाद कृषि विश्वविद्यालय, एक केन्द्रीय विश्वविद्यालय है। जो कि खुंब की नवीनतम तकनीकी के लिए पूरे देश में जाना जाता है। खुंब की बहुत सारी ऐसी प्रजातियाँ हैं, जिनके बारे मे सामान्य जन को ज्ञान नही है। विशेष रूप से औषधीय गुणों से युक्त खुंब जिनकी माँग विदेशों में बहुत अधिक है। इसके साथ ही किसान विश्वविद्यालय में हायड्रोपोनिक विधि से सब्जी की खेती, दुग्ध प्रसंस्करण और पपीते की खेती के बारे मे नवीनतम ज्ञान प्राप्त करेंगे। नाबार्ड़ की योजना है कि अयोध्या में औषधीय खुंब का उत्पादन हो और उसे विदेशी बाजारों मे बेचा जाए। कार्यक्रम समन्वयक सूर्य कुमार त्रिपाठी ने कहा कि भ्रमण दल में जनपद के ऐसे किसान हैं, जिन्होंने इंजीनियरिंग और प्रबंधन की पढ़ाई करने के उपरांत नौकरी भी की और अब कुछ अलग करने का संकल्प लेकर खेती कर रहे हैं। ऐसे ही किसान सोहावल विकास खण्ड के विवेक सिंह हैं, जिन्होंने बहुराष्ट्रीय कंपनी की शानदार नौकरी छोडकर खुंब उत्पादन शुरू किए हैं और औषधीय खुंब की जानकारी के लिए प्रशिक्षण दल मे शामिल हैं।

भ्रमण दल में हैरिंग्टनगंज से जमुना प्रसाद मौर्य, हरिश्चंद्र चौरसिया, कुलदीप चौरसिया व राजेश कुमार, अमानीगंज विकास खण्ड से सीता राम यादव, भागवत प्रसाद शुक्ला, श्री कृष्ण द्विवेदी सहित कुल पंद्रह कृषक शामिल हैं। जबकि सोहावल से विवेक सिंह, क्रांती कुमार सिंह, उत्सव सिंह, शत कुमार रावत, संदीप यादव, अरुण रावत, विनय रावत सहित कुल दस किसान शामिल हैं। कृषक भ्रमण दल को रवाना करते समय हरिश्चंद्र महाविद्यालय सरौली के प्राचार्य डॉ देवेन्द्र प्रताप शुक्ला, चंद्र प्रकाश, कुलदीप मिश्र, डॉ शशि शेखर त्रिपाठी सहित जनपद के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# गुरुवार आधी रात को खुला रहेगा रामलला दरबार

**भव्य रूप से सजाया जा रहा गर्भगृह,डेढ़ कुंतल पंजीरी**

**एक कुंतल पंचामृत और फल- मिठाई का भोग लगेगा**

**समाज जागरण राजेश तिवारी**

अयोध्या। गुरूवार आधी रात को रामलला दरबार खुला रहेगा। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समारोह यहां ठीक रात 12 बजे मनाया जाएगा। हांलाकि सुरक्षा कारणों से श्रद्धालु इस अवसर पर शामिल नहीं हो सकेंगे पर रामलला के पुजारी,राम मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी और सुरक्षा संगठन के लोग इस अवसर पर दर्शन लाभ ले सकेंगे। रामलला को डेढ़ कुंतल पंजीरी, एक कुंतल पंचामृत और फल, मिठाई का भोग लगेगा।

रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने बताया कि रामलला की शाम को आरती भोग के बाद मंदिर आठ बजे बंद हो जाएगा। इसके बाद रामलला का दरबार रात 11 बजे खुलेगा। रामलला चारो भैया को पीले रंग का विशेष वस्त्र और आभूषण पहनाएं जाऐंगे। पूरे गर्भगृह की खास तौर पर सजावट की जाएगी। ठीक 12 बजे मंगल ध्वनियों के बीच श्रीकृष्ण का प्राकट्य होगा। इस अवसर पर आरती होगी। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर भगवान को पंजीरी,फल,पंचामृत और मेवा-मिष्ठान का भोग लगाकर उसका प्रसाद भक्तों को दिया जाएगा। राम मंदिर ट्रस्ट के गठन के बाद से रामलला के दरबार में हर उत्सव पहले की अपेक्षा बेहद भव्य रूप से मनाया जा रहा है।रामलला के लिए आवश्यक हर सुविधाओं को ट्रस्ट की ओर से दिया जा रहा है।

इसी तरह मणिराम दास जी की छावनी, श्रीरामवल्लभाकुंज, लक्ष्मण किला, सियाराम किला, राजसदन, राधा बृजराज मंदिर, सुंदर सदन, सियाराम किला, तिवारी मंदिर, सार्वभौम आश्रम, पंचमुखी हनुमान मंदिर, हनुमत निवास, हनुमत सदन, सदगुरु सदन,रामलला सदन,जानकी महल ट्रस्ट, कालेराम मदिर आदि एक हजार स्थानों में यह पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा।कनक भवन में यह पर्व बुधवार की शाम 7 बजे की आरती में मनाया गया।

# सावधान: डेंगू के मरीजों में इस बार निकल रहा है टाइफाइड, जानें कब बन जाता है यह जानलेवा

नई दिल्ली. देश में हर साल जुलाई से सितंबर-अक्टूबर महीने तक डेंगू का खौफ रहता है. इस साल भी दिल्ली-एनसीआर सहित देश के कई हिस्सों में डेंगू से खौफ है. राजधानी दिल्ली में दिल्ली नगर निगम ने डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया और अन्य वेक्टर जनित बीमारियों को रोकने के लिए कई तरह के उपाय किए हैं. इसके बावजूद डेंगू के मामलों में कमी नहीं आ रही है. दिल्ली के अस्पतालों में डेंगू मरीजों का आना लगातार जारी है. डेंगू की चपेट में आने वाले मरीजों में इस बार टाइफाइड की भी पुष्टि हो रही है. दिल्ली से सटे गाजियाबाद में कई डेंगू मरीजों में टाइफाइड भी निकल रहे हैं.

एमसीडी ने कहा है कि दिल्ली में डेंगू के बढ़ते मामलों को देखते हुए मलेरिया निरीक्षकों, डीबीसी कार्यकताओं, फील्ड कार्यकताओं और सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा प्रतिदिन 1 लाख से अधिक घरों के किए जा रहे हैं. इसके अलावा हर वार्ड में विशेष अभियान और जागरूकता अभियान तेज कर दिए गए हैं. इसके लिए 3000 से अधिक डीबीसी कार्यकर्ता और 2000 फील्ड कर्मचारी मच्छरों के प्रजनन का पता लगाने और उसको खत्म करने के लिए घर-घर दौरा कर रहे हैं.

# जन्माष्टमी पर गौशाला में संपन्न हुआ गौमाता पूजन और वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन



**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव पर यमुना किनारे नवनिर्मित गौशाला में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप गौमाता पूजन एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम में आर एस एस के क्षेत्र पदाधिकारी सदर विधायक महापौर ब्लाक प्रमुख सहित गणमान्य लोग शामिल रहे।

जन्माष्टमी महोत्सव पर आयोजित यमुना किनारे गौशाला में मुख्य अतिथि सदर विधायक मनीष असीजा ने कहा कि जन्माष्टमी के दिन गौसेवा पूजन सौभाग्य की वात है।गौमाता की सेवा सनातन धर्म की प्रथम सीढ़ी है हम सभी का दायित्व और धर्म है कि गौमाता के संरक्षण और संवर्धन के लिए समर्पण सेवा भाव हमेशा रहना चाहिए।

महापौर कामिनी राठौर ने कहा कि गौमाता की सेवा से सभी देवताओं की सेवा होती हैं। क्योंकि हमारे धर्म शास्त्रों में गौ माता में सभी देवी देवताओं का वास बताया गया है। सभी लोगों अपने जीवन को सफल बनाने के लिए गौ सेवा अवश्य करनी चाहिए।

क्षेत्र कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमोद कुमार शर्मा ने कहा कि गौसेवा परम धर्म है। गौ सेवा पूजन से मानव जीवन में सुख शांति रहती है। क्षेत्र विभाग प्रचारक प्रमोद कुमार ने गौ माता हम सब की पूजनीय है गौ सेवा के नाम पर कोरे नारे लगाने से काम नहीं चलेगा। सच्चे मन और हृदय से हमें गौ माता की सेवा करनी चाहिए देश और समाज का कल्याण उसी में निहित है।

कार्यक्रम में वृक्षारोपण पर ब्लॉक प्रमुख सदर डॉक्टर लक्ष्मीनारायण यादव ने कहा कि वृक्ष हमें जीवन देते हैं हमें भी उनका संतान की तरह पोषण और संरक्षण देना चाहिए।गौ सेवा प्रांत प्रमुख रमाकांत उपाध्याय ने कहा हमारी संस्कृति में गाय को माता का दर्जा दिया गया है। जो अपने दूध आदि से नया जीवन यौवन प्रदान करती है। हमारा भी कर्तव्य है माता के समान ही उसकी सेवा करें।

गौ पूजन और वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य रूप पीके जिंदल, हनुमान प्रसाद गर्ग, डॉ मयंक भटनागर,, प्रमोद कुमार गर्ग, वेद प्रकाश अग्रवाल, विष्णु बंसल, द्विजेंद्र मोहन शर्मा, सुमन चंद जैन एडवोकेट, राकेश कुमार शर्मा उमाकांत पचौरी एडवोकेट, सत्यवीर गुप्ता, ऋषि असीजा, सुनील शर्मा, अशोक शर्मा, सुनील वशिष्ठ, पुरुषोत्तम शर्मा, ओम प्रकाश वार्ष्णेय, राकेश तिवारी, विकास लहरी, प्रशांत वशिष्ठ किशोर अग्रवाल, कन्हैया तिवारी, बृजेश कुमार, अजय मिश्रा आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित थे`

# ब्लाक आयोजित हुआ दो दिवसीय प्रशिक्षण:जल जीवन मिशन -हर घर जल योजना अंतर्गत हुआ संपन्न





अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ। राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा प्रायोजित परियोजनों ब्लाक सभागार में दूसरे चरण का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न हुआ। इस मौके पर क्षेत्र के भारी संख्या ग्राम प्रधान वह पंचायत सदस्य मौजूद रहे। स्थानीय ब्लॉक अफजलगढ़ स्थित कार्यालय कासमपुर गाड़ी के सभागार कक्ष में चले दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षणार्थियों को पानी की गुणवत्ता बताई गई। हर घर जल पहुंचाना प्रशिक्षण का उद्देश्य लक्ष्य लिया। सन 2019 में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा चलाई जा रही योजना मिशन जल जीवन मिशन "हर घर जल योजना का प्रारंभ किया था इस अवसर पर बोलते हुए योजना अधिकारी विवेक त्यागी ने कहा कि जल जीवन मिशन परियोजना भारत सरकार और राज्य सरकार के सहयोग से देश के प्रत्येक गांव में हर घर के लिए चलाई जा रही है। इस मिशन का मुख्य उद्देश्य हर घर में स्वच्छ जल उपलब्ध कराना है। हर ब्लाक पर प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है,जहां के सभी राजस्व गांव लोगों को प्रशिक्षित करना है। लेखपाल, ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्यों, वह ग्राम पंचायत वार्ड सदस्यों,आदि दूसरे लोगों को स्वच्छ पेयजल के लिए जागरूक करेंगे। इस अवसर पर जिला समन्वयक विवेक त्यागी, मास्टर ट्रेनर जितेन्द्र कुमार, राहुल कुमार, सुशील कुमार प्रदीप कुमार ललित प्रताप सिंह सहित ग्राम प्रधान मुस्तकीम अहमद,कपिल सेनी, जितेन्द्र,रहीस अहमद, कैलाश चन्द्र, भूपेंद्र सिंह, अधिकांश प्रधान मौजूद रहे

# हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की:जन्माष्टमी पर कान्हा की क्षेत्र में धूम:कृष्ण जन्मभूमि से निकाली शोभायात्रा



अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ। जन्माष्टमी के पावन अवसर पर शिव मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में विभिन्न देवी-देवताओं की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। इसमें छोटे-छोटे बच्चों ने देवी-देवताओं की भूमिका में सबका मन मोह लिया। जानकारी अनुसार गुरुवार को नगर के बड़े शिव मंदिर मन्दिर से गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा प्रारंभ हुई भगवान कृष्ण जन्माष्टमी पर्व एक शोभायात्रा निकाली गई नगर के समाज सेवी लोगों ने शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा करी शोभायात्रा पीएनबी रोड बड़ा बाजार मौहल्ला गौहर अली खां,मौहल्ला किला, नगर पालिका मार्ग होते हुए वापस शिव मंदिर पर जाकर समापन हुआ शोभायात्रा में विभिन्न देवी देवताओं का रूप धारण किए हुए बालिकाएं, युवक और युवक्तियां आकर्षण का केंद्र बनी हुई थी श्रद्धालुओं ने भगवान कृष्ण की मूर्ति को पालकी में रखकर कंधे पर उठाकर झांकी के साथ चल रहे थे इसी दरमियान शोभायात्रा में सुरक्षा व्यवस्था कि समाज कमान संभाले हुए थाना अध्यक्ष हम्बीर सिंह ,एसआई अनोखेलाल गंगवार,कस्बा इंचार्ज गोपाल सिंह, महिला एसआई काजल तेवतिया सहित भारी पुलिस शोभायात्रा के साथ चल रहे थे साथ ही स्थानीय महिलाएं और पुरुष बालिक बालिकाएं नए नए परिधान पहने हुए शोभायात्रा में भारी संख्या में शामिल थे।

# जोगीरमपुरी मे अक ीदात और गमगीन माहौल में निकला चेहलुम का जलूस



ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी
दैनिक समाज जागरण बिजनौर

जोगीरमपुरी / नजीबाबाद,7-सितम्बर जोगीरमपुरी में इमामबाड़ा अबुतालिब से चेहलुम का जलूस बरामद किया गया, इससे पहले एक मजलिस हुई जिसको खिताब करते हुये मौलाना हामिद हुसैन ने कहा कि इमाम हुसैन ने इंसानियत के लिये कुरबानी देकर उम्माते मुसलमा के साथ इंसानियत को बचा कर रहती दुनिया तक अमर कर दिया इमाम हुसैन ने कर्बला में यजीद जैसे क्रूर ड्डर आतंकी के साथ अकेले खड़े रह कर एक पैगाम दिया कि जुल्म कितना भी कुरुर हो उसके सामने खड़े हो जाओ कामयाब हो जाओगे, आज पूरी दुनियां में इमाम हुसैन का चेहलुम मनाया जा रहा है हर देश में इमाम हुसैन का परचम ( झंडा ) उठाया जा रहा है। जलूस में नोहा खानी मोहसिन, फिरोज, अजादार, वाजिद रजा, साजिद रजा पम्मी नकवी गामा आदि ने की जलूस में जावेद हुसैन, ईद अली, अकबर अली, कुदरत हुसैन, सलामत हुसैन, बाबू, हैदर अब्बास, शफीकुल हसन, नूर मोहम्मद, गजनफर हुसैन, आदि शामिल रहे,सुरक्षा की द्दष्टि से थानाध्यक्ष राम प्रताप अपने पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे। 7-सितम्बर जोगीरमपुरी में इमामबाड़ा अबुतालिब से चेहलुम का जलूस बरामद किया गया, इससे पहले एक मजलिस हुई जिसको खिताब करते हुये मौलाना हामिद हुसैन ने कहा कि इमाम हुसैन ने इंसानियत के लिये कुरबानी देकर उम्माते मुसलमा के साथ इंसानियत को बचा कर रहती दुनिया तक अमर कर दिया इमाम हुसैन ने कर्बला में यजीद जैसे क्रूर और आतंकी के साथ अकेले खड़े रह कर एक पैगाम दिया कि जुल्म कितना भी कुरुर हो उसके सामने खड़े हो जाओ कामयाब हो जाओगे, आज पूरी दुनियां में इमाम हुसैन का चेहलुम मनाया जा रहा है हर देश में इमाम हुसैन का परचम ( झंडा ) उठाया जा रहा है। जलूस में नोहा खानी मोहसिन, फिरोज, अजादार, वाजिद रजा, साजिद रजा पम्मी नकवी गामा आदि ने की जलूस में जावेद हुसैन, ईद अली, अकबर अली, कुदरत हुसैन, सलामत हुसैन, बाबू, हैदर अब्बास, शफीकुल हसन, नूर मोहम्मद, गजनफर हुसैन, आदि शामिल रहे,सुरक्षा की द्दष्टि से थानाध्यक्ष राम प्रताप अपने पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे।

# देवपुत्र धर्मांथ समिति की और से जन्माष्टमी पर राहगीरों को पिलाया गया ठंडा शर्बत



**ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी**
**दैनिक समाज जागरण**

बिजनौर में सत्पुरुष बाबा फुलसन्दे वालों के आशीर्वाद से देवपुत्र धर्मांथ समिति की और से परमेश्वर डेरी पर कुंवर सेन देवपुत्र के निवास के सामने जन्माष्टमी के पावन अवसर पर सतपुरुष बाबा फुलसन्दे वालों के अनुयायियों ने ठंडा शरबत राहगीरों को पिलाया और साथ ही दोपहर को प्रतिदिन 1:00 बजे होने वाली वाली आराधना भी की जिसके गणपति श्री सुरेश देवपुत्र रहे। आराधना के उपरांत गणपति सुरेश ने कहा कि सत्पुरुष बाबा फुलसन्दे वाले कहते हैं "हे परमेश्वर अपने इस बेडे पर रोशनी बनाए रखना हम गुनहगारों को भी अपने सीने से लगाए रखना" इस अवसर पर कुँवर सैन देवपुत्र, सुरेश पाल, सुमन देवपुत्र, देशराज सिंह, सत्यवीर चौधरी, धर्मेंद्र चौधरी, अनिल कश्यप, वीर सिंह, नरेंद्र सिंह, और सत्संगी मौजूद रहे।

# अरुणाचल-असम सीमा पर तैनात सीआरपीएफ जवान की हत्या

**-बाइक सवार बदमाशों ने चाकू मारकर जवान को उतारा मौत के घाट**
**-जिले के रेवती थाना क्षेत्र के रामपुर दीघार गांव का निवासी था जवान**



**ऋतुराज तिवारी 'बिन्दु,**
**समाज जागरण**

रेवती (बलिया) : स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपुर दीघार गांव निवासी तथा सीआरपीएफ में अरुणाचल-असम प्रदेश सीमा पर तैनात जवान की हत्या बाइक सवार बादमाशों ने चाकू मारकर कर दिया। जवान की हत्या की सूचना मिलते ही परिजनों में करूण क्रन्दन मच गया। जवान का शव शुक्रवार की सुबह तक गांव पहुंचने की संभावना है।

असम-अरूणाचल प्रदेश सीमा पर चेक गेट पर 6 सितंबर को बोर्डुम्सा में बाइक सवार बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया। उक्त घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सीआरपीएफ जवान सुनील कुमार पांडेय की तैनाती अरुणाचल में थी। परिजनों ने बताया कि सुनील अन्य कर्मियों के साथ सादे वेश में उक्त स्थल पर ड्यूटी पर तैनात था। इसी बीच बाइक से पहुंच दो बादमाशों ने सुनील को चाकू मार दिया। घटना के पश्चात बाइक सवार बादमाश फरार हो गये। सुनील को आनन-फानन में कम्युनिटी हेल्थ सेंटर पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जिस इलाके में उन्हें चाकू मारा गया, वह सीमा पर असम के तिनसुकिया में माधापुर बाजार के पास था।

**घर के एक मात्र कमाऊ सदस्य थे जवान सुनील परिजनों पर टूटा दुख का पहाड़**

सीआरपीएफ में तैनात जवान सुनील घर के एकमात्र कमाऊ सदस्य थे। पिता रामनाथ पाण्डेय तथा बड़े भाई अनिल पाण्डेय गांव पर खेती करते हैं। 12 वर्षीय बड़ा लड़का सत्यम कक्षा सात में तथा छोटा लड़का सात वर्षीय अनमोल कक्षा तीन में जिला मुख्यालय स्थित सेंट जेवियर्स स्कूल में पढ़ते हैं। सुनील के पिता रामनाथ, भाई अनिल, माता, दोनों बेटों का रोते-रोते बुरा हाल है। पत्नी अर्चना की स्थिति यह है कि पति के गम में वह बेहोश हो जा रही है।

**पिता ने कहा मेरा बेटा कर्तव्य पथ पर हुआ शहीद**

पिता रामनाथ ने बताया कि मेरा लड़का अरूणाचल प्रदेश में सीआरपीएफ में काम करता था। वहां उसकी ड्यूटी इंटेलिजेंस में थी। वह सादी वर्दी में ड्यूटी कर रहा था। दो बादमाशों से मुठभेड़ में हमारा लड़का शहीद हो गया। बताया कि घटना की सूचना कल शाम करीब 6 बजे बटालियन से मोबाइल द्वारा हमें मिली।

# गृह विज्ञान विभाग द्वारा राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग द्वारा राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के अंतर्गत होने वाले 'सभी के लिए किफायती स्वस्थ्यवर्धक आहार' विषयक कार्यक्रम में विभिन्न आयोजन किया गया।



कुलपति प्रो. संजीत कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में पोस्टर प्रतियोगिता, क्विज एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निर्णायक मंडल में परिसर के सहायक आचार्य डॉ. संजीव कुमार, समाजकार्य विभाग एवं डॉ.मनोज कुमार राजनीति विज्ञान विभाग रहे। गृहविज्ञान विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के समापन के अवसर पर छात्राओं ने पोषक पदार्थों से रंगोली बनाई जिसमें श्री अन्न, दाल, सब्जी, खनिज पदार्थ आदि का प्रयोग किया गया था। छात्राओं द्वारा श्री अन्न (मिलेट) से बने व्यंजनों का भी स्टाल लगाया था। प्रो. गोपालनाथ तिवारी, पूर्व प्रोफेसर आई आई टी, दिल्ली, प्रो. लल्लन जी सिंह, पूर्व कुलपति, हेमवतीनंदन बहुगुणा विवि एवं माननीय कुलपति प्रो. संजीत कुमार गुप्ता ने प्रदर्शनी का उद्घाटन व अवलोकन किया।कार्यक्रम का संचालन गृह विज्ञान विभाग की डॉ. रंजना मल्ल, सुश्री सौम्या तिवारी, डॉ. संध्या नारायण एवं डॉ. तृप्ति तिवारी द्वारा किया गया।

# श्री नव ज्योति दुर्गा मंदिर में तीन दिवसीय जन्माष्टमी महोत्सव संपन्न

***वृंदावन से पधारी बाल व्यास भक्ति प्रिया ने श्री कृष्ण की लीलाओं का किया गुणगान***



हरियाणा/ हिसार (राजेश सलूजा) : मेन रोड पर स्थित श्री नवज्योति दुर्गा मंदिर के प्रांगण में आयोजित तीन दिवसीय जन्माष्टमी महोत्सव संपन्न हुओ इस महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक वेद नारंग ने शिरकत की और मंच संचालन पूर्व पार्षद प्रतिनिधि विक्की रहेजा ने कियो इस जन्माष्टमी महोत्सव में वृंदावन धाम से पधारी बाल व्यास भक्ति प्रिया द्वारा भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का प्रवचनों व भजनों के माध्यम से गुणगान किया गयो इन भजनो पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने झूम झूम कर हाजिरी लगाई इस दौरान शुभम वंश महादेव ग्रुप द्वारा भगवान श्री कृष्ण व राधा रानी की मनमोहक झांकियां पेश की गई इस जन्माष्टमी महोत्सव में बर्फ वाली गुफा आकर्षण का केंद्र रही इस महोत्सव में हजारों की तादाद में श्रद्धालुओं ने भगवान श्री कृष्ण को झूला झूला करके दर्शन किऐ इस अवसर पर प्रधान मास्टर मनोहर लाल रहेजा, उपप्रधान पार्षद राजा मेहता, अंतरराष्ट्रीय अवार्डी महेंद्र सेतिया, संजय संदूजा, राजन कुमार, संजय मक्कड़, मास्टर ओम प्रकाश सेतिया, जगदीश रहेजा व भोजराज रहेजा आदि मौजूद रहे








आप सभी प्रदेशवासियों को
समाज जागरण परिवार की ओर से
कृष्णजन्माष्टमी की
हार्दिक
शुभकामनाएँ।















